हिन्दी व्याकरण

कक्षा 2

कक्षा -2

विषय सूची

क्र. सं.	पाठ का नाम	पृष्ठ संख्या
1)	**भाषा और व्याकरण**	**1-4**
2)	**वर्ण विचार**	**5-8**
3)	**शब्द और वाक्य**	**9-11**
4)	**संज्ञा**	**12-16**
5)	**लिंग**	**17-20**
6)	**वचन**	**20-24**
7)	**सर्वनाम**	**25-27**
8)	**विशेषण**	**28-31**
9)	**क्रिया**	**32-34**
10)	**पर्यायवाची**	**35-37**
11)	**विलोम शब्द**	**38-41**
12)	**अनेक शब्दों के लिए एक शब्द**	**42-45**
13)	**चित्र वर्णन**	**46-50**
14)	**अनुच्छेद लेखन**	**51-54**
15)	**कहानी लेखन**	**55-56**
16)	**गिनती,बारहखड़ी,दिन और महीने**	**57-60**

पाठ -1

भाषा और व्याकरण



चित्र में हमने देखा कोई बोलकर, कोई सुनकर, कोई लिखकर, कोई पढ़कर अपनी खुशी बता रहे हैं। सभी एक-दूसरे की बात सुन और समझ रहे हैं। इसका मतलब हम एक-दूसरे की बात बोलकर और सुनकर समझ सकते हैं। हम अपनी बात दूसरों तक पहुँचाने के लिए और उनकी बात समझने के लिए भाषा का प्रयोग करते हैं। भाषा के माध्यम से ही हम एक-दूसरे की बात अच्छी तरह समझ सकते हैं।

परिभाषा - भाषा वह माध्यम है ,जिसके द्वारा हम अपनी बात दूसरों तक पहुँचाते है ,तथा दूसरों की बातें समझते है |

भाषा के रूप

- **1. मौखिक**
- **2. लिखित**

मौखिक भाषा - जब हम मुख (मुँह) से अपने विचार बोलकर दूसरों तक पहुँचाते हैं ,तो उसे मौखिक भाषा कहते हैं |

मौखिक भाषा

2.लिखित भाषा - जब अपने विचार लिखकर दूसरों तक पहुँचाते हैं ,तो उसे लिखित भाषा कहते हैं |

लिखित भाषा

3. सांकेतिक भाषा - जब हम अपने विचार संकेतों के रूप में दूसरों तक पहुँचाते हैं ,तो उसे सांकेतिक भाषा कहते हैं |

सांकेतिक भाषा

व्याकरण

व्याकरण से हम भाषा को शुद्ध रूप से बोलना व लिखना सीख पाते है । व्याकरण के तीन भाग है -



वर्ण - वर्ण भाषा की सबसे छोटी इकाई है ।

शब्द - वर्णों के सार्थक समूह को शब्द कहते है ।

वाक्य - शब्दों के सार्थक समूह को वाक्य कहते है ।

अभ्यास कार्य

1. प्रश्नों के उत्तर बताइए -

(क) भाषा किसे कहते है ?

(ख) मौखिक भाषा क्या है ?

(ग) लिखित भाषा क्या है ?

2. सही उत्तर पर सही (✓) का निशान लगाइए -

(क) भाषा का मौखिक रूप है -

बोलना ☐ लिखना ☐

(ख) व्याकरण के अंग है -

कहानी, कविता , चित्र ☐ वर्ण , शब्द , वाक्य ☐

(ग) भाषा के रूप होते है -

दो ☐ तीन ☐

(घ) भाषा का लिखित रूप है -

सुनना ☐ पढ़ना ☐

3. चित्र पहचानकर उनकी भाषा लिखिए -

(क) ---------- (ख) ---------- (ग) ----------

रचनात्मक कार्य

4.पशु-पक्षियों को उनकी बोलियों से मिलाइए-

म्याऊँ-म्याऊँ

टर्र-टर्र

चूँ-चूँ



टांय-टांय

हिनहिनाना

मैं-मैं

गुटर-गूँ

चिंघाड़ना

पाठ -2

वर्ण विचार

वर्ण भाषा की सबसे छोटी ध्वनि है | इसे अलग-अलग चिन्हों के रूप मे प्रकट किया जाता है, वर्णों के टुकड़े नहीं किए जा सकते |

परिभाषा - भाषा की सबसे छोटी इकाई को वर्ण कहते हैं |

वर्ण दो प्रकार के होते हैं -

वर्ण प्रकार

1.स्वर 2. व्यंजन

1.स्वर - स्वर वे ध्वनियाँ हैं, जिनका उच्चारण किसी अन्य वर्ण की सहायता के बिना किया जाता है। हिन्दी भाषा में ग्यारह स्वर हैं।

2 .व्यंजन - जिन वर्णों का उच्चारण करते समय स्वरों की सहायता ली जाती है, उन्हें व्यंजन कहते है । हिन्दी में तैंतीस व्यंजन होते हैं ।

संयुक्त व्यंजन -

इन सबको मिलाकर हिन्दी वर्णमाला में 52 वर्ण हैं |

मात्राएँ

स्वर	मात्रा	मात्राओं के साथ मेल	शब्द निर्माण
अ	–	क् + अ = क	कल, कर
आ	ा	क + ा = का	काम, काल
इ	ि	क + ि = कि	किला, किया
ई	ी	क + ी = की	कील, कीमत
उ	ु	क + ु = कु	कुल, कुशल
ऊ	ू	क + ू = कू	कूप, कूरूप
ऋ	ृ	क + ृ = कृ	कृषक, कृपा
ए	े	क + े = के	केला, केशव
ऐ	ै	क + ै = कै	कैलाश, कैसा
ओ	ो	क + ो = को	कोयल, कोमल
औ	ौ	क + ौ = कौ	कौआ, कौन
अं	ं	क + ं = कं	कंघा, कंगाल
अः	ः	क + ः = कः	बालकः, शुकः

स्वरों के विशेष चिन्ह मात्रा कहलाते हैं -

अन्य चिन्ह -

* अनुस्वार (अं) - इसका चिन्ह (ं) है, जैसे- कंगन, संजय, बंदर।

*अनुनासिक (अँ) - इसे चंद्रबिंदु भी कहते हैं। इसका चिन्ह (ँ) है। जैसे-चाँद, आँख, माँ, दाँत ।

*विसर्ग (अः) - इसका चिन्ह (:) है। जैसे- अतः, प्रातः।

'र' व्यंजन में उ (ु) तथा ऊ (ू) की मात्रा का प्रयोग-

* र में उ की मात्रा (रु) - रुई, रुपया, गुरु, रुक आदि।

* र में ऊ की मात्रा (रू) - रूप, रूठ, रूह आदि।

हमने सीखा

* बोलते समय हमारे मुख से ध्वनियाँ निकलती हैं। इन ध्वनियों को 'वर्ण' कहा जाता है।
* वर्ण भाषा की सबसे छोटी इकाई है।
* हिंदी में सभी वर्णों के व्यवस्थित समूह को 'वर्णमाला' कहते हैं।
* हिंदी भाषा में दो प्रकार के वर्ण हैं- स्वर और व्यंजन ।
* स्वर 11 और व्यंजन 33 होते हैं।

अभ्यास कार्य

1.सही विकल्प चुनकर सही स्थान पर लिखिए |

(मात्रा ,व्यंजन ,वर्णमाला , स्वर ,वर्ण)

(क) ध्वनि के लिखित रूप को ..... कहते हैं |

(ख) वर्णों के क्रमबद्ध समूह को ..... कहते हैं |

(ग) हिन्दी में 11..... तथा 35 ..... होते हैं |

(घ) स्वरों के विशेष चिन्हों को .....कहते हैं |

2. उदाहरण के अनुसार इन मात्राओं वाले तीन-तीन शब्द को लिखिए -

आ (ा)	--	..आम.....	..काम.....	...काल.....
इ (ि)	--	.....	.....	.....
उ (ु)	--	.....	.....	.....
ओ (ो)	--	.....	.....	.....
ई (ी)	--	.....	.....	.....
ऊ (ू)	--	.....	.....	.....

3. सही मात्राएँ लगाकर शब्द पूरे करो -



आओ करके देखें -

पाठ - 3

शब्द और वाक्य

बच्चो ! दिए गए चित्रों को देखकर शब्दों को ध्यानपूर्वक पढ़ें -

(शब्द)

क + म + ल = कमल



प + त + अं + ग = पतंग

अ + न + ा + र = अनार

परिभाषाः- दो या दो से अधिक वर्णों के सार्थक मेल से 'शब्द' बनते हैं।

कमल एक फूल है, पतंग उड़ाने की वस्तु है और अनार एक फल है। इन सभी का कुछ न कुछ अर्थ है इसलिए ये शब्द हैं।यदि हम कुछ वर्ण मिलाकर लिख दें और उनका कुछ भी अर्थ न हो तो उन्हें शब्द नहीं कह सकते हैं। जैसे - ब+त+श+र बतशर ऊपर दिए गए शब्दों के मेल से कोई भी शब्द नहीं बन रहा है।

(वाक्य)

वर्णों के मेल से शब्द बनते हैं और शब्दों के मेल से वाक्य बनते हैं। जैसे-

बच्चे टी.वी. देख रहे हैं।

तनु झूला झूल रही है।

धोबी कपड़े धोता है।

पिताजी अखबार पढ़ रहे हैं।

लड़कियाँ फूल तोड़ रही हैं।

राजू पतंग उड़ा रहा है।

परिभाषाः- शब्दों का वह सार्थक समूह जिसका कुछ अर्थ निकलता हो, उन्हें 'वाक्य' कहते हैं।

चित्रों के नीचे लिखे शब्द समूहों से पूरी बात समझ आ रही है। इसलिए ये सभी वाक्य हैं। जिस शब्द समूह से पूरी बात समझ न आए, उसे वाक्य नहीं कह सकते हैं। जैसे-नाच मीरा है रही।

अभ्यास कार्य

1.चित्र देखकर वर्णों को सही क्रम में लगाते हुए शब्द बनाइए-

(क) ल + टे + ला + न - .....

(ख) ला + क + रे - .....

(ग) बू + क + त + र - .....

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

(क) शब्द किसे कहते हैं?

(ख) वाक्य किसे कहते हैं?

3. इन वर्णों के मेल से एक-एक शब्द बनाओ -

(क) म/ल/ह - .....

(ख) त/क/श/र - .....

(ग) न/प/ट/घ - .....

(घ) ट/ब/न - .....

4.शब्दों को सही जगह पर लिखकर वाक्य बनाइए-

(क) मेरा है नाम रीमा। .....

(ख) वह गया घर। .....

(ग) मनपसंद खेल मेरा है फुटबॉल। .....

(घ) चिड़िया है में घोंसले। .....

(ङ) बच्चे मिलकर रहे हैं खेल। .....

(रचनात्मक लेखन)

5. शब्दों को उचित क्रम में लगाकर वाक्य बनाइए-

(क) तोता + है + बैठा + पेड़ + पर + आम + के

वाक्य - .....

(ख) खिल + रहे हैं + पुष्प + में + उपवन

वाक्य - .....

(ग) राष्ट्रीय + है + पक्षी + मोर + हमारा

वाक्य - .....

पाठ -4

संज्ञा

हम अपने चारों ओर बहुत से मनुष्य, जीव-जंतु, पशु-पक्षी तथा प्राकृतिक एवं मानव निर्मित वस्तुएँ देखते हैं। इन सबका कोई-न-कोई नाम होता है। ये नाम ही 'संज्ञा' कहलाते हैं; जैसे- वंश, शालू, गाय, कुत्ता, मोर, मेज़ आदि।

परिभाषा - किसी प्राणी, वस्तु, स्थान या भाव के नाम को 'संज्ञा' कहते हैं; जैसे गौरव, ताजमहल, कुर्सी, सुंदरता आदि।

आओ कुछ नाम वाले संज्ञा शब्दों की सूची बनाएँ -

व्यक्तियों के नाम

सचिन तेंदुलकर

महात्मा गांधी



पं० जवाहरलाल नेहरू

व्यक्तियों के अन्य नाम हो सकते हैं राम, दीपक, पीटर, अहमद, मारिया, शबनम, बच्चा, पुरुष, औरत, बालक, बालिका।

पशुओं के नाम

शेर

भालू

बंदर

पशुओं के नाम अन्य हो सकते हैं- गाय, चीता, बाघ, ऊँट, बिल्ली, चूहा, हाथी, घोड़ा, कुत्ता, गधा, शेर भालू बंदर।

पक्षियों के नाम -

तोता

मैना

कबूतर

पक्षियों के अन्य नाम- हो सकते हैं- कौआ, कोयल, मैना, बुलबुल, मुर्गा, सारस, गौरैया, बतख।

वस्तुओं के नाम

कुर्सी

घड़ी



पुस्तक

इस प्रकार के नामों की और भी सूची बन सकती है। जैसे -

वस्तुओं के अन्य नाम- हो सकते हैं- कुर्सी, मेज़, कप, कागज, कलम, पुस्तक, थैला, लोटा, जूता, चप्पल, कमीज़, छड़ी, घड़ी।

त्योहारों के नाम - होली, दीपावली, दशहरा, रक्षाबंधन, रामनवमी, ईद, बकरीद, क्रिसमस, गुरुपर्व।

खेलों के नाम- हॉकी, क्रिकेट, कुश्ती, टेनिस, बैडमिंटन, कबड्डी।

इमारतों के नाम- लालकिला, ताजमहल, हवामहल, इंडिया गेट, राष्ट्रपति भवन, गोलघर।

शहरों के नाम - नागपुर, इंदौर, भोपाल, जयपुर, मथुरा, काशी, दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, चेन्नई, बंगलौर |

भवनों के नाम - ताजमहल, लाल किला, बुलंद दरवाज़ा, संसद, मॉल, कुतुबमीनार, कमल मंदिर, स्वर्ण मंदिर, हवा महल |

फलों के नाम- आम, सेब, चीकू, लीची, केला, अनार |

फूलों के नाम- गुलाब, कमल, मोगरा, चमेली, गेंदा, गुड़हल, रातरानी, |

देशों के नाम- रूस, भारत, अमेरिका, चीन, जापान, कनाडा,भारत |

भावों के नाम - दुःख,सुख|

संज्ञा तीन प्रकार की होती है-



व्यक्तिवाचक संज्ञा- किसी भी विशेष प्राणी, स्थान अथवा वस्तु के नाम को व्यक्तिवाचक संज्ञा कहते हैं। यह हमेशा एकवचन में होती है; जैसे- दिल्ली, गंगा, हिमालय, अमर, कृष्णा, रामायण, चेतक आदि।

जातिवाचक संज्ञा- जिस शब्द से किसी संपूर्ण जाति का बोध हो, वह जातिवाचक संज्ञा कहलाता है; जैसे- लड़का, औरत, डाकिया, शेर, पेड़, पहाड़ आदि।

भाववाचक संज्ञा- जिन शब्दों से किसी व्यक्ति अथवा वस्तु के गुण, धर्म, दोष, शील, स्वभाव, अवस्था अथवा भाव आदि का बोध हो, वे शब्द भाववाचक संज्ञा कहलाते हैं; जैसे- गर्मी, सर्दी, दुख, सुख, बुढ़ापा, गरीबी, बचपन आदि।

अभ्यास कार्य

1.निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

(क) संज्ञा किसे कहते हैं?

(ख) संज्ञा कितने प्रकार की होती है? नाम बताइए।

2. सही संज्ञा शब्द छाँटकर खाली जगह में लिखिए-

शेर , पैंसिल, गुलाब, अनुपम विद्या मंदिर , आम

(क) मुझे ..... का फूल अच्छा लगता है।

(ख) मैंने चिड़ियाघर में कई ..... देखे।

(ग) मेरे पास लाल रंग की ..... है।

(घ) मेरे विद्यालय का नाम ..... है।

(ङ) .....फलों का राजा है।

3. चित्र देखकर सही उत्तर पर शुद्ध (√) का चिन्ह लगाइए-

हिरण ☐ अस्पताल ☐ शरबत ☐

चाचा ☐ चीता ☐ कुर्सी ☐

कोयल ☐ सोमवार ☐ जनवरी ☐

सब्ज़ी ☐ कमल ☐ कबूतर ☐

4. नीचे लिखे निर्देशों के अनुसार दो-दो नाम लिखिए -

1) दो शहरों के नाम - ....
2) दो देशों के नाम - ....
3) दो राज्यों के नाम - ....
4) व्यक्तियों के नाम - ....
5) पक्षियों के नाम - ....
6) पशुओं के नाम - ....
7) इमारतों के नाम - ....

5.वर्ग पहेली में से पशुओं के नाम खोजकर लिखिए -

रचनात्मक कार्य



पाठ -5

लिंग

भाई बहन, घोड़ा घोड़ी, मोर मोरनी आदि शब्द-युग्मों के प्रथम भाग से ज्ञात होता है कि वे सभी पुरुष जाति के हैं और दूसरे भाग से उनके स्त्री जाति के होने का पता चलता है। इस प्रकार कह सकते हैं, कि जिन शब्दों से हमें उनके पुरुष या स्त्री जाति के होने का ज्ञान प्राप्त होता है, उन्हें लिंग कहते हैं।

लड़का-लड़की खेल रहे हैं।

दादा-दादी खड़े हैं।

बच्चों , ऊपर दिए गए वाक्यों में लड़का तथा दादा शब्द पुरुष जाति के तथा लड़की और दादी शब्द स्त्री जाति के हैं। इस प्रकार, शब्दों के रूप से हमें उनकी पुरुष तथा स्त्री जाति का बोध होता है।

परिभाषा- 'लिंग' शब्द का वह रूप है, जो उसके पुरुष या स्त्री जाति के होने का बोध कराता है।

लिंग के दो भेद होते हैं -

1. **पुल्लिंग** - जो शब्द पुरुष जाति का बोध कराते हैं, वे पुल्लिंग कहलाते हैं।

   जैसे - दादा जी , लड़का , माली , शिक्षक , बैल , शेर |

2. स्त्रीलिंग - जो शब्द स्त्री जाति का बोध कराते हैं, वे स्त्रीलिंग कहलाते हैं।

जैसे - दादी जी , लड़की , मालिन , शिक्षिका , गाय , शेरनी |

हिंदी भाषा में सभी नाम शब्द स्त्री-पुरुष या लड़का-लड़की होते हैं। जैसे -

पुरुष	स्त्री	पुरुष	स्त्री
लड़का	लड़की	अध्यापक	अध्यापिका
राजा	रानी	बूढ़ा	बुढ़िया
पिता	माता	बेटा	बेटी
चाचा	चाची	माली	मालिन
नाना	नानी	दादा	दादी
भाई	बहन	मामा	मामी
फूफा	बुआ	धोबी	धोबिन
बालक	बालिका	नर	नारी

जानवरों में भी शब्द स्त्री-पुरुष या लड़का-लड़की होते हैं। जैसे -

पुरुष	स्त्री	पुरुष	स्त्री
मोर	मोरनी	शेर	शेरनी
बंदर	बंदरिया	हिरण	हिरणी
हाथी	हथिनी	कबूतर	कबूतरी
चिड़ा	चिड़िया	घोड़ा	घोड़ी
कुत्ता	कुतिया	मुर्गा	मुर्गी
ऊँट	ऊँटनी	बकरा	बकरी

अभ्यास कार्य

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

(क) लिंग के कौन-कौन से भेद हैं?

(ख) पुल्लिंग किसे कहते हैं?

(ग) स्त्रीलिंग किसे कहते हैं?

(घ) लिंग कितने प्रकार के होते हैं?

2. शब्दों के सही लिंग पर (✓) का निशान लगाइए-

1. सब्ज़ीवाली : पुल्लिंग ◯ स्त्रीलिंग ◯
2. घोड़ा : पुल्लिंग ◯ स्त्रीलिंग ◯
3. चिड़िया : पुल्लिंग ◯ स्त्रीलिंग ◯
4. चुहिया : पुल्लिंग ◯ स्त्रीलिंग ◯
5. बंदर : पुल्लिंग ◯ स्त्रीलिंग ◯

3.सही उत्तर वाले विकल्प पर (✓) लगाइए-

1. लिंग के भेद होते हैं-

(क) तीन (ख) दो (ग) चार

2. 'बेटी' का पुल्लिंग है-

(क) पुत्र (ख) पुत्री (ग) बेटा

3. 'छात्रा' का पुल्लिंग है-

(क) छात्रों (ख) छात्र (ग) छात्राओं

4. 'रानी' का पुल्लिंग है-

(क) रानियाँ (ख) राजाओं (ग) राजा

5. 'भगवती' का पुल्लिंग है-

(क) देवता (ख) भगवान (ग) ईश्वर

4. नीचे लिखे पुल्लिंग शब्दों का उनके स्त्रीलिंग शब्दों से मिलान कीजिए-

नाग	पुत्री
पुत्र	नागिन
शेर	चाची
अध्यापक	शेरनी
चाचा	अध्यापिका

5. पुल्लिंग व स्त्रीलिंग छाँटकर अलग करिए -

राजा, पुजारिन, दादी, पुत्र, चुहिया, भाई,
मामा, नानी, चाचा, पत्नी, दूल्हा, बंदर

रचनात्मक कार्य

6. लिंग बदलकर लिखिए-

पुत्र ..... रानी .....

दूल्हा ..... गुड़िया .....

बूढ़ा ..... घोड़ी .....

मामा ..... नानी .....

7. वर्ग पहेली में से स्त्रीलिंग शब्दों पर गोला लगाइए -



पाठ 6

वचन

चित्रों को देखो और नीचे लिखे शब्दों को पढ़ो -

लड़का

लड़के

कुर्सी

कुर्सियाँ

किताब



किताबें

लड़की

लड़कियाँ

उपरोक्त चित्रों में लड़का, किताब, कुर्सी और लड़की संख्या में एक होने को बोध करा रहे है; जबकि ,लड़के ,कुर्सियाँ,किताबें और लड़कियाँ शब्द संख्या में अनेक होने का बोध करा रहे हैं।

परिभाषा -शब्दों के जिस रूप से उनके एक या अनेक होने का पता चले, उसे 'वचन' कहते हैं।



एकवचन - एक संख्या बताने वाले शब्द 'एकवचन' कहलाते हैं, जैसे- कली, कलम।

बहुवचन - एक से अधिक संख्या बताने वाले शब्द 'बहुवचन' कहलाते हैं, जैसे- कलियाँ, कलमें।

कुछ शब्दों के एकवचन व बहुवचन इस प्रकार हैं-

एकवचन	बहुवचन
1. पत्ता	पत्ते
2 झूला	झूले
3. मेला	मेले
4. कपड़ा	कपड़े
5. दरवाजा	दरवाजे
6. आँख	आँखें
7. भेड़	भेड़ें
8. गाय	गायें
9.किताब	किताबें
10. नदी	नदियाँ
11. पत्ती	पत्तियाँ
12. कली	कलियाँ
13.चिड़िया	चिड़ियाँ
14.बकरी	बकरियाँ
15. घड़ी	घड़ियाँ
16. भाषा	भाषाएँ
17. कन्या	कन्याएँ
18. कथा	कथाएँ

अभ्यास कार्य

1. कोष्ठक में से उचित शब्द चुनकर वाक्य पूरे कीजिए-

(क) एक..... खड़ा है। (लड़का, लड़के)

(ख) दो..... बैठे हैं। (लड़का, लड़के)

(ग) तीन..... उड़ती हैं। (चिड़िया, चिड़ियाँ)

(घ) एक..... बुझ गई। (मोमबत्ती, मोमबत्तियाँ)

(ङ) तीन ..... जल रही हैं। (मोमबत्ती, मोमबत्तियाँ)

(च) ..... धूप में सूख रहा है। (कपडा, कपड़े)

(छ) मेरी..... आई है। (बहन,बहनें)

(ज) सीमा ने अपने..... फेंक दिए हैं। (खिलौना, खिलौने)

2. बहुवचन को एकवचन मे बदलिए -

1) बालकों..... 5) चुहियाँ .....

2) कौए..... 6) टहनियाँ .....

3) कविगण..... 7) मालाएँ.....

4) मित्रों ..... 8) आँखें.....

3. सही बहुवचन शब्द पर (√) का निशान लगाएँ-

1. अध्यापिका - अध्यापिकें ☐ अध्यापिकाएँ ☐

2. पुस्तक - पुस्तिकाएँ ☐ पुस्तकें ☐

3. कछुआ - कछुए ☐ कछुयें ☐

4. पेंसिल - पेंसिलएँ ☐ पेंसिलें ☐

5. गुलदस्ता - गुलदस्ते ☐ गुलदस्तें ☐

4. बहुवचन बनाकर लिखिए-

रोटी ..... तितली .....

माला ..... गाड़ी .....

रचनात्मक कार्य

5. नीचे दिए गए शब्दों को उचित स्थान पर लिखिए-

मालाएँ गमला चाबी पंखे

साड़ियाँ रोटियाँ खिड़की थैला

एकवचन	बहुवचन
.....	.....
.....	.....
.....	.....

पाठ -7

सर्वनाम

नीचे लिखे वाक्यों को पढ़िए और समझिए -

1. अंकित कक्षा दो का छात्र है।
2. वह आज्ञाकारी बालक है।
3. वह अपने माता-पिता को प्रणाम करता है।
4. उसका एक छोटा भाई है ।
5. वह कक्षा का सबसे बुद्धिमान बालक है।

हमने देखा कि ऊपर लिखे वाक्यों में अंकित के बारे में बताया गया है। प्रथम वाक्य में अंकित का नाम प्रयुक्त हुआ है परंतु दूसरे वाक्य से अंकित के नाम (संज्ञा) के स्थान पर दूसरे शब्दों का प्रयोग किया गया है। इन शब्दों को ही सर्वनाम कहते हैं।

परिभाषा - वे शब्द जो संज्ञा के स्थान पर प्रयोग किए जाते हैं, सर्वनाम कहलाते हैं।

कुछ सर्वनाम शब्द-मैं, तू, तुम, आप, यह, वह, जो, कोई, क्या, कुछ, हम, वे आदि। इसके अतिरिक्त मैंने, हमने, तुमने, उसने, इन्होंने, उन्होंने, आपने, मुझे, आपको, हमें, तुम्हें अपना, अपनी आदि भी सर्वनाम शब्द हैं।

सर्वनाम शब्दों के कुछ उदाहरण देखिए -

मैं एक छात्र हूँ।

तुम्हारा घर कहाँ है?

वे दौड़ रहे हैं।

मेरा नाम अंकिता है।

इन वाक्यों में मैं, तुम्हारा, वे और मेरा सर्वनाम शब्द हैं।

अभ्यास कार्य

1. उचित शब्द चुनकर रिक्त-स्थान में लिखिए-

(हम, आपने, उसकी, मैं, तुम)

(क)..... पुस्तक उसे वापस कर दो।

(ख) ..... अपने काम पर ध्यान दो।

(ग) ..... पेड़ पर चढ़ गया हूँ।

(घ) ..... खाना खा लिया।

(ङ) कल..... नानी के घर गए थे।

2. नीचे लिखे शब्दों में सर्वनाम शब्द पर गोला (O) लगाओ -

क.	बंदर	मैं	घड़ी	कलम
ख.	उसका	टी.वी.	मोबाइल	रेडियो
ग.	पुस्तक	दवात	महान	हम
घ.	चश्मा	अंकित	तुम्हारा	राधा
ङ.	दादा जी	मैंने	सुनील	रानी
च.	उन्हें	चम्मच	भारत	हिमालय

3. नीचे दिए गए शब्दों में से सर्वनाम छाँटकर अलग कीजिए।

तुम	राजा	यह
कमल	उसने	रानी
रात	हम	राम
गरम	वह	उसका
आप	सूरज	मैं

....

....

....

....

4. सर्वनाम शब्दों को पहचानकर उनके गोलों में अपना मनपसंद रंग भरिए-



रचनात्मक कार्य

5. नीचे बने सर्वनाम फूल की प्रत्येक पत्ती पर एक सर्वनाम शब्द लिखिए-



पाठ - 8

विशेषण

पढ़िए और समझिए-

बच्चो ! कुछ शब्द संज्ञा तथा सर्वनाम शब्दों की विशेषताओं के बारे में बताते हैं, जैसे- कैसा है? कैसी है? कितना है? कितनी है? आदि।

नटखट बंदर झूल रहा है।

यह सेब मीठा है।

इन चित्रों में बंदर और सेब और संज्ञा शब्द हैं; परंतु नटखट और मीठा शब्द क्रमशः इनकी विशेषता प्रकट कर रहे हैं। आओ कुछ और विशेषण शब्दों को जानें-

सुन्दर फूल

मोटा आदमी

मीठा आम

तीन लड़के

लाल गेंद

लंबा पेड़

दो चिड़ियाँ

एक किलो दाल

परिभाषा - किसी व्यक्ति, प्राणी, वस्तु या स्थान की विशेषता बताने वाले शब्द विशेषण कहलाते हैं।

इन चित्रों के साथ लिखे गए रंगीन शब्द उन वस्तुओं या प्राणियों की विशेषता बता रहे हैं। यही शब्द विशेषण कहलाते हैं।

किसी भी वस्तु का रंग, गुण-दोष, रूप, आकार व संख्या आदि विशेषण होते हैं। जैसे-

विशेषण		शब्द	विशेषण		शब्द
मोटा	→	लड़का	हरी	→	घास
सफेद	→	खरगोश	चार	→	किताबें
लाल	→	टमाटर	डरावना	→	शेर
सुंदर	→	घर	मीठा	→	शहद
काली	→	भैंस	पीली	→	सरसों

अभ्यास कार्य

1. दिए गए विशेषण शब्दों से खाली स्थान भरो -

बड़ा ,खट्टे ,कोमल ,एक ,रंग-बिरंगे

1. ये अंगूर ..... हैं |
2. बाग में ..... फूल खिले हैं |
3. हाथी ..... जानवर है |
4. मेज पर ..... कलम रखी है |
5. बच्चे का शरीर .....होता है |

2. सही विशेषण शब्द चुनकर लिखिए-

काली, लाल, खट्टी, मीठा, चालाक, विशाल

1) ..... कोयल
2) ..... गाजर
3) ..... इमली
4) ..... हलवा
5) ..... हाथी
6) ..... लोमड़ी

3. उचित विशेषण शब्दों को संज्ञा से मिलाइए -

1) सेब	सुंदर
2) फूल	हरा
3) गेंद	मीठा
4) पेड़	गोल

4. इन वाक्यों में आए विशेषण शब्दों को छाँट कर लिखो -

वाक्य	विशेषण शब्द
क. गीला कपड़ा धूप में डाल दो।	.....
ख. खिलौने वाला सुंदर खिलौने लाया था।	.....
ग. अंधे आदमी को सहारा दो।	.....
घ. लंबा पेड़ आँधी से गिर पड़ा।	.....
ङ. रामू ईमानदार आदमी है।	.....
च. छोटा लड़का खेल रहा है।	.....

रचनात्मक कार्य

5. इन चित्रों की विशेषता बताने वाले शब्दों के आगे निशान (✓) लगाओ -



पाठ -9

क्रिया

समझने के लिए -

कविता में रंगीन किए गए शब्दों की ओर ध्यान दीजिए। बोले , आओ , गाओ , सुनाओ आदि सब काम वाले शब्द हैं।

परिभाषा -जो शब्द किसी काम के बारे में बताते हैं, उन्हें 'काम वाले शब्द' या 'क्रिया' कहते हैं।

देखिए, पढ़िए और समझिए -



घोड़ा दौड़ रहा है।



तनु पढ़ रही है।

बारिश हो रही है।

विशाल कूद रहा है।

झरना बह रहा है।

नितिन सो रहा है।

दादाजी टहल रहे हैं।



मोर नाच रहा है।

ऋषभ खेल रहा है।

उपरोक्त वाक्यों में रंगीन शब्दों से किसी न किसी कार्य के करने या होने का पता चल रहा है, अतः ये क्रिया शब्द हैं।

कुछ क्रिया शब्द-

खाना	सोना	जाना	होना
लेटना	भेजना	हँसना	कहना
लिखना	नाचना	खेलना	पढ़ना
जागना	पीना	उड़ना	सोचना
धोना	बोलना	उठना	चलना
टहलना	देना	जलना	पीटना
लेना	उछलना	बैठना	देखना

1. सही क्रिया शब्दों के आगे (✓) और गलत के आगे (×) का चिन्ह लगाइए -

रोना	☐	पढ़ना	☐	हम	☐	देखना	☐
लिखना	☐	जागना	☐	आप	☐	दौड़ना	☐
घूमना	☐	तुम	☐	किताब	☐	काटना	☐
हँसना	☐	सोना	☐	पीना	☐	जाना	☐
उड़ना	☐	मैं	☐	चढ़ना	☐	यहाँ	☐

2. सही शब्द चुनकर वाक्य पूरा कीजिए -

(क) छवि गाना ..... रही है । (गा / बोल)

(ख) बंदर पेड़ों पर .....रहे हैं । (चल / कूद)

(ग) चिड़ियाँ आकाश में ..... रही है । (उड़ा / उड़)

(घ) मछली पानी में ..... रही है । (तैर / चल)

3. ना' जोड़कर क्रिया शब्द बनाओ -

पढ़	"पढ़ना	लिख	.....	उछल	.....
भाग	.....	खेल	.....	उठ	.....
पी	.....	कूद	.....	धो	.....

रचनात्मक कार्य

4. इन चित्रों में क्या काम हो रहा है? तालिका में से देखकर लिखिए -

(तैरना, उड़ना, चलना, गाना, पढ़ना)

....

....

पाठ -10

पर्यायवाची शब्द

उद्देश्य - समान अर्थ देने वाले शब्दों की जानकारी देना।

देखिए, पढ़िए और समझिए -

मेघ / बादल

पेड़ / वृक्ष

चाँद / चंद्रमा

सूरज / सूर्य

अध्यापक/अध्यापिका बच्चों को बताएँ कि ऊपर दिए गए सभी चित्रों के अलग-अलग नाम लिखे गए हैं, परंतु दोनों ही नामों का अर्थ एक ही है। समान अर्थ बताने वाले ये ही शब्द पर्यायवाची शब्द हैं। अतः

समान अर्थ बताने वाले शब्द पर्यायवाची शब्द कहलाते हैं।

नीचे कुछ पर्यायवाची शब्द दिए जा रहे हैं। इन्हें ध्यान से पढ़ो -

शब्द	पर्यायवाची शब्द		
आँख	नेत्र,	नयन,	चक्षु
बादल	मेघ,	घन,	जलधर
नौकर	सेवक,	दास,	अनुचर
पर्वत	पहाड़,	गिरि,	शैल
माता	माँ,	जननी,	अंबा
कमल	पंकज,	जलज,	सरोज
आग	पावक,	अनल,	अग्नि
संसार	जग,	दुनिया,	विश्व
बगीचा	बाग,	वाटिका,	उपवन

शब्द	पर्यायवाची शब्द		
चंद्रमा	चाँद,	शशि,	राकेश
शरीर	देह,	तन,	बदन
मनुष्य	नर,	आदमी,	मानव
पानी	नीर,	जल,	वारि
रात	रात्रि,	रजनी,	निशा
हवा	पवन,	वायु,	अनिल
जंगल	वन,	अरण्य,	विपिन
कपड़ा	चीर,	वस्त्र,	वसन
फूल	पुष्प,	सुमन,	कुसुम
ईश्वर	भगवान,	प्रभु,	ईश
तालाब	सरोवर,	जलाशय,	पोखर

अभ्यास कार्य

1.सही पर्यायवाची शब्दों का मिलान कीजिए -

रात	पुष्प
जंगल	माँ
माता	रात्रि
मेघ	वन
फूल	बादल

2. चित्र देखकर उनके समान अर्थ वाले शब्द पर गोला (O) लगाइए -

(क) (i) चाँद (ii) सूरज

(ख) (i) रवि (ii) फूल

(ग) (i) चाँद (ii) बादल

3.सही पर्यायवाची शब्द पर गोला (O) लगाओ -

क.	पानी -	जलद	जल	सदन
ख.	सूरज -	पवन	चक्षु	रवि
ग.	पेड़ -	तरु	घन	लता
घ.	बंदर -	कुसुम	कपि	दृग
ङ.	तालाब -	सरोवर	सागर	भारी
च.	फूल -	अबर	कमल	पुष्प

4.निम्नलिखित शब्दों के समान अर्थ वाले शब्द लिखिए -

(क) बगीचा -..... (ख) पानी -.....

(ग) रात - ..... (घ) शरीर -.....

(ड़) हवा - .....

रचनात्मक कार्य

5 . चित्रों को देखिए और दिए गए विकल्पों में जो सही पर्यायवाची नहीं हैं, उन पर (O) गोला लगाइए-

फूल, पुष्प, गमला



आँख पलक, नयन

वृक्ष, पेड़, पौधा

गाय, गौ, भैंस

नृप, राकेश, नरेश

पाठ -11

विलोम शब्द

सुबह होने पर सूरज पूरब दिशा में उगता है।

शाम होने पर यह पश्चिम दिशा में डूबता है।

आपने देखा कि सुबह और शाम विपरीत समय के नाम हैं। इसी प्रकार, पूरब और पश्चिम विपरीत दिशाओं का बोध कराते हैं।

ऐसे कई शब्द हैं, जिनके अर्थ एक-दूसरे से विपरीत या उल्टे होते हैं।

परिभाषा - उल्टे अर्थ वाले शब्दों को विलोम शब्द कहा जाता है।

दिए गए विलोम शब्दों को याद कीजिए-

शब्द	विलोम	शब्द	विलोम
काला	सफेद	मीठा	कड़वा
अनूकूल	प्रतिकूल	अपमान	सम्मान
आकाश	पाताल	आकार	निराकार
नया	पुराना	निर्यात	आयात
मूर्ख	विद्वान	दिन	रात
आदि	अंत	उदय	अस्त
एकता	अनेकता	कम	अधिक
धर्म	अधर्म	हार	जीत
हानि	लाभ	कोमल	कठोर
अच्छाई	बुराई	प्रेम	घृणा
देश	विदेश	कच्चा	पक्का
लेना	देना	खुला	बंद
अर्थ	अनर्थ	वीर	कायर
प्रातः	सायं	राजा	रंक
प्रश्न	उत्तर	आय	व्यय
गुण	दोष	शुभ	अशुभ
सोना	जागना	ऊपर	नीचे
तेज	धीमा	नौकर	मालिक
गुरु	शिष्य	बड़ा	छोटा
मीठा	कड़वा	रोना	हँसना

अभ्यास कार्य

1.निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए -

(क) विलोम शब्द किसे कहते हैं ?

(ख) ‘ आना ‘ शब्द का विलोम बताइए ।

(ग) ‘ दिन ‘ शब्द का विलोम बताइए ।

2. दिए गए शब्दों के उल्टे अर्थ वाले शब्दों पर सही (✓) चिह्न लगाइए-

अंदर -	जल्दी	☐	आना	☐	बाहर	☐
गरम -	मोटा	☐	घास	☐	ठंडा	☐
सुख -	दुःख	☐	नरम	☐	गरम	☐
जीत -	सुबह	☐	शाम	☐	हार	☐

3. चित्रों को पहचानकर शब्द व विलोम शब्द लिखिए -

....

4. निम्नलिखित शब्दों के विलोम लिखिए -

(पुराना, जागना , हँसना ,कड़वा)

1) नया ..... 3) रोना .....

2) सोना ..... 4) मीठा .....

5. विलोम शब्दों के उचित जोड़े बनाइए -

1. दिन	नौकर
2. एकता	जीत
3. हानि	अनेकता
4. मालिक	रात
5. हार	लाभ

रचनात्मक कार्य

6. विलोम शब्दों के ज्ञान के आधार पर निम्न चित्रों का उनके विपरीत चित्रों से मिलान कीजिए -

पाठ -12

अनेक शब्दों के लिए एक शब्द

नीचे अनेक शब्दों के लिए एक शब्द दिए गए हैं। इन्हें याद कीजिए।

जो कपड़े सिलता है।

दर्जी

जूते ठीक करने वाला।

मोची



जल में रहने वाला।

जलचर

कपड़े धोने वाला।

धोबी



जो पढ़ाता है।

शिक्षक

चित्र बनाने वाला।

चित्रकार

जो पत्र बाँटता है।

डाकिया

खेती करने वाला।

किसान

अनेक शब्द	एक शब्द
1. जो जूते-चप्पल ठीक करता है।	मोची
2. जो चित्र बनाता है।	चित्रकार
3. जो लकड़ी का काम करता है	बढ़ई
4. जो कपड़े सिलता है।	दरज़ी
5. जो आज्ञा का पालन करे।	आज्ञाकारी
6. जो गाना गाता है |	गायक
7. जो मूर्ति बनाता है।	मूर्तिकार
8. जो बगीचे की देखभाल करे |	माली
9. जो बीमार का इलाज करता है।	डॉक्टर
10. जो किसी से नहीं डरता।	निडर
11. जो सदा सच बोलता है।	सत्यवादी
12. जो कभी न मरे।	अमर
13. जहाँ बच्चे पढ़ने जाते हैं।	विद्यालय
14. जो सेना में काम करता है।	सैनिक
15. जहाँ इलाज के लिए जाते हैं।	अस्पताल
16. जो मंदिर में पूजा करता है।	पुजारी
17. जो मांस खाता है।	मांसाहारी
18. जो शाक-सब्जी खाता है।	शाकाहारी
19. जिसे देखकर डर लगे।	डरावना
20. जो बहुत परिश्रम करे।	परिश्रमी

अभ्यास कार्य

1 . अनेक शब्द और एक शब्द का सही मेल मिलाओ |

(क.) जो पत्र बाँटता है	गायक
(ख). जो कपड़े सिलता है	किसान
(ग). जो चित्र बनाता है	मोची
(घ). जो जूते ठीक करता है	डाकिया
(ङ). जो खेती करता है	दर्जी
(च) जो गाना गाता है	चित्रकार

2. नीचे दिए वाक्यांशों के लिए एक शब्द पर गोला (O) लगाइए -

(क) खेती करने वाला -

(i) किसान (ii) सैनिक

(ख) कपड़े सिलने वाला -

(i) दर्जी (ii) गायक

(ग) जल में रहने वाला-

(i) जलचर (ii) नभचर

(घ) पत्र बाँटता वाला -

(i) दर्जी (ii) डाकिया

(ड़) पढ़ाने वाला -

(i) चित्रकार (ii) शिक्षक

3. नीचे दिए गए चित्रों को देखकर उनके नाम लिखिए -



....



....

4. सही शब्द छाँटकर एक शब्द लिखकर वाक्य पूरे कीजिए -

(दरजी , शिक्षक , डाकिया , माली , किसान)

(क) ..... ने मुझे कुछ फूल दिए ।

(ख) ..... ने बच्चों को पाठ पढ़ाया ।

(ग) ..... खेत पर गया ।

(घ) ..... पत्र लाया ।

(ङ) वैभव अपने कपड़े सिलवाने ..... के पास गया ।

पाठ -13

चित्रवर्णन

उद्देश्य- अभिव्यक्ति पक्ष को बढ़ावा देना।

नीचे दिए गए चित्र को देखकर बताइए कि इसमें आपको क्या -क्या दिखाई दे रहा है ?



चित्रवर्णन -

अध्यापक/अध्यापिका बच्चों को बताएँ कि -

- यह कक्षा का चित्र है।
- कक्षा के बाहर खुला मैदान है।
- अध्यापिका बच्चों को पढ़ा रही हैं।
- मैदान में हरे-भरे पेड़ हैं।
- बच्चे ध्यान से पढ़ रहे हैं।
- एक लड़की अध्यापिका से बात कर रही है।
- एक बच्चा हाथ उठाकर कुछ कहना चाहता है।

1.सही शब्द चुनकर रिक्त स्थान भरिए और चित्र वर्णन करिए-

1. हरा-भरा बगीचा

(क) यह चित्र.....का है। (बगीचे / बाज़ार)

(ख) बगीचे में रंग-बिरंगे..... खिले हैं। (फूल / कली)

(ग) फूलों पर.....मँडरा रही हैं। (बिल्लियाँ / तितलियाँ)

(घ) आकाश में.....उड़ रही हैं। (चिड़ियाँ / पतंगें)

(ङ) यह बगीचा..... है। (गंदा / सुंदर)

2.चित्र और सहायक शब्दों को देखकर चित्र-वर्णन कीजिए-

चित्र-वर्णन-

1) यह एक..... का दृश्य है।

2) दो बच्चे..... झूल रहे हैं।

3) एक लड़की..... खा रही है।

4) मेले में सबको..... हँसा रहा है।

5) दो लोग..... बजा रहे हैं।

6) एक लड़की .....रही है।

7) हलवाई.....बना रहा है।

3.सही शब्द चुनकर रिक्त स्थान भरिए और चित्र वर्णन करिए-

(क) यह चित्र एक..... का है। (बगीचे/मेले)

(ख) बगीचे में रंग-बिरंगे ..... खिले हैं। (फूल/कली)

(ग) फूलों पर ..... हैं। (बिल्लियाँ/तितलियाँ)

(घ) आकाश में दो..... उड़ रही हैं। (चिड़ियाँ/पतंगे)

(ङ) चिड़ियाँ..... करती हैं। (चीं-चीं/भौं-भौं)

(च) यह बगीचा..... है। (गंदा/सुंदर)

4. सही शब्द चुनकर रिक्त स्थान भरिए और चित्र वर्णन करिए-

क) यह मेरा..... है। (घर / मंदिर)

(ख) मेरा घर..... है। (बड़ा / छोटा)

(ग) मेरे घर में..... कमरे हैं। (पाँच / तीन)

(घ) मेरे घर के सामने एक..... भी है। (चिड़ियाघर / बगीचा)

(ङ) इस बगीचे में एक ..... भी लगा है। (झूला / पत्थर)

पाठ - 14

अनुच्छेद लेखन

जब तुम किसी के बारे में संक्षेप में बताते हुए कुछ लिखते हो तो इसे अनुच्छेद लेखन कहा जाता है। आओ, अनुच्छेद लिखना सीखें -

1. मेरा विद्यालय

1. मैं सेंट्रल एकेडमी, बीकानेर में पढ़ता हूँ।
2. यह शहर के अच्छे विद्यालयों में से एक है।
3. इस विद्यालय में बारहवीं कक्षा तक की पढ़ाई होती है।
4. श्रीमती शैलजा मीणा मेरे विद्यालय की प्रधानाचार्या हैं।
5. उनका स्वभाव बहुत अच्छा है।
6. मेरे विद्यालय में बीस शिक्षक और बीस शिक्षिकाएँ हैं।
7. वे सब बहुत अच्छा पढ़ाते हैं।
8. मुझे इस विद्यालय का छात्र होने पर गर्व है।

2.मेरा प्रिय मित्र

1. मेरे कई मित्र हैं लेकिन गौतम मेरा प्रिय मित्र है।
2. उसका घर मेरे मुहल्ले में ही है।
3. गौतम के पिता कॉलेज में पढ़ाते हैं।
4. उसकी माँ एक विद्यालय में शिक्षिका हैं।
5. गौतम और मैं एक ही विद्यालय में पढ़ते हैं।
6. हम दोनों कक्षा दो में पढ़ते हैं।
7. गौतम पढ़ने में बहुत तेज़ है।
8. हम दोनों में गहरी मित्रता है।
9. हम दोनों आपस में झगड़ते नहीं हैं।
10. कुछ लोग तो हमें सगा भाई ही समझते हैं।
11. मुझे अपने मित्र पर गर्व है।

3. पक्षी मोर

1. हमारे देश में अनेक पशु-पक्षी पाए जाते हैं।
2. पक्षियों में मोर एक विशेष पक्षी है।
3. यह बड़ा सुंदर और निराला होता है।
4. इसकी गर्दन लंबी और शरीर भारी होता है।
5. इसके पंख सुंदर व चमकदार होते हैं।
6. यह वर्षा ऋतु में बड़ा प्रसन्न होता है और नाचने लगता है।
7. यह साँप का दुश्मन होता है और उसे मार डालता है।
8. यह खेतों के कीड़े-मकोड़े खा जाता है, इसलिए किसान का मित्र है।

4. गाय

1. गाय एक पालतू पशु है।
2. इसके चार थन होते हैं।
3. इसकी चार टाँगें, दो सींग और एक लंबी पूँछ होती है।
4. इसका रंग काला, सफेद और भूरा होता है।
5. ये हरा चारा और दाना खाती है।
6. यह बहुत सीधी-सादी होती है।
7. यह हमें दूध देती है। इसका दूध मीठा होता है।
8. गाय का दूध बच्चों के लिए बहुत लाभदायक होता है।
9. बच्चे, बूढ़े, जवान सभी लोग इसके दूध को बड़े चाव से पीते हैं।
10. इसके दूध से खोया, पनीर और मक्खन बनाया जाता है।
11. हिंदू लोग गाय की पूजा भी करते हैं।
12. गाय को लोग 'गौ माता' भी कहते हैं। अतः हमें गाय पालनी चाहिए।

पाठ - 15

कहानी लेखन

बच्चो ! आज हम कहानी लिखने के बारे में जानेंगे।

आपने अपनी दादी या नानी से मजेदार कहानियाँ तो सुनी ही होंगी। कहानियाँ सुनने में सभी को बहुत मजा आता है। इन्हें पढ़ने में भी बहुत मजा आता है। कहानियाँ कई तरह की होती हैं। शिक्षाप्रद कहानियाँ, जानवरों की कहानियाँ, परियों की कहानियाँ, राजा-रानी, राजकुमार, गुरु-शिष्य, चोर-ठग आदि विषयों पर अनेक कहानियाँ प्रचलित हैं। कहानी लिखना कठिन नहीं है। कहानी लिखने के लिए कुछ ध्यान देने योग्य बातें हैं-

* कहानी लिखने के लिए विषय चुनें।

* कहानी की रूपरेखा बनाएँ।

* अच्छी-अच्छी कहानियाँ पढ़ें और उनसे कुछ अच्छा सीखें।

यहाँ कुछ मजेदार कहानियाँ दी जा रही हैं, उन्हें ध्यान से पढ़िए।

1. चित्रों को देखकर तथा घटनाओं को जोड़कर कहानी लिखिए।



किसी जंगल में कछुए और खरगोश का रहना। दोनों में एक स्थान पर जल्दी पहुँचने की शर्त लगना। खरगोश का तेज़ दौड़ना। कछुए का धीरे, परंतु लगातार चलना। खरगोश का आलस्य के कारण और कछुए को पीछे देखकर सो जाना। कछुए का बिना रुके चलते रहना। खरगोश का जागना और भागना। कछुए का पहले ही दौड़ जीत लेना। खरगोश का पछताना।

शिक्षा- धीरे-धीरे किंतु निरंतर परिश्रम करने वाला विजयी होता है।

2. बॉक्स में दिए शब्दों की सहायता से कहानी पूरी कीजिए-

मारना, जानवर, रोने, शरारती, पैर, गुस्सा, भौका, नहीं,पत्थर, जानवरों, सचिन, कुत्ते, शरारत, समझ

गोपाल एक..... लड़का था। वह.....को बिना वजह परेशान करता था। एक दिन वह अपने दोस्त..... के साथ स्कूल जा रहा था। रास्ते में उसने एक..... को बैठे देखा। उसे..... सूझी। उसने एक पत्थर उठाया। सचिन..... गया कि गोपाल कुत्ते को..... चाहता है। उसने गोपाल से कहा - "बेचारे..... को क्यों मारते हो, मत मारो।" गोपाल ने अपने दोस्त की बात..... मानी। उसने कुत्ते पर..... फेंका। कुत्ता खड़ा हो गया। उसे गोपाल पर..... आया। पहले वह..... फिर तेज़ी से गोपाल पर झपटा। उसने गोपाल के..... में काट लिया। गोपाल कुछ नहीं कर सका। वह वहीं बैठकर..... लगा।

शिक्षा : बिना वजह किसी को परेशान नहीं करना चाहिए।

3.दिए गए शब्दों की सहायता से कहानी के वाक्यों को पूरा कीजिए-

(दर्जी, नदी, समय, दंड, बेटा, कपड़े, गंदा, सूँड़)

एक हाथी..... पर रोजाना नहाने जाया करता था। नदी पर जाते..... वह रास्ते में एक दर्जी की दुकान के सामने से होकर निकलता।.....उसे प्रतिदिन कुछ-न-कुछ खाने को दिया करता था।

एक दिन की बात है, दर्जी कहीं गया हुआ था। दुकान पर उसका..... बैठा हुआ था। हाथी दुकान पर आया। दर्जी के बेटे ने उसकी..... में सूई चुभो दी। हाथी को बहुत दर्द हुआ। फिर वह नदी में नहाने चला गया। लौटते हुए उसने सूँड़ में..... पानी भर लिया। वह दर्जी की दुकान पर आया। उसने सारा गंदा पानी दर्जी के बेटे के ऊपर फेंक दिया। उसके सारे..... खराब हो गए। इस प्रकार दर्जी के बेटे को अपने किए का.....मिल गया ।

शिक्षा - जैसे को तैसा।

पाठ -16

गिनती , बारहखड़ी , दिन और महीने

(गिनती)

गिनती वस्तुओं को गिनने के काम आती है। यह वस्तुओं की संख्या के बारे में बताती है।

बच्चो! 'गिनना' एक क्रिया शब्द है। प्रत्येक भाषा में गिनती के लिए अलग-अलग चिन्हों का प्रयोग किया जाता है, उन्हें अंक या संख्या कहते हैं। अंग्रेज़ी और हिंदी में ये चिन्ह इस प्रकार होते हैं-

1	एक	11	ग्यारह	21	इक्कीस	31	इकतीस	41	इकतालीस
2	दो	12	बारह	22	बाईस	32	बत्तीस	42	बयालीस
3	तीन	13	तेरह	23	तेईस	33	तैंतीस	43	तैंतालीस
4	चार	14	चौदह	24	चौबिस	34	चौंतीस	44	चौवालीस
5	पांच	15	पंद्रह	25	पच्चीस	35	पैंतीस	45	पैंतालीस
6	छः	16	सोलह	26	छब्बीस	36	छत्तीस	46	छियालीस
7	सात	17	सत्रह	27	सत्ताईस	37	सैंतीस	47	सैंतालीस
8	आठ	18	अठारह	28	अट्ठाईस	38	अड़तीस	48	अड़तालीस
9	नौ	19	उन्नीस	29	उनतीस	39	उनतालीस	49	उनचास
10	दस	20	बीस	30	तीस	40	चालीस	50	पचास

(बारहखड़ी)

पढ़िए ,समझिए -

क	का	कि	की	कु	कू	के	कै	को	कौ	कं	क:
ख	खा	खि	खी	खु	खू	खे	खै	खो	खौ	खं	ख:
ग	गा	गि	गी	गु	गू	गे	गै	गो	गौ	गं	ग:
घ	घा	घि	घी	घु	घू	घे	घै	घो	घौ	घं	घ:
ङ	ङा	ङि	ङी	ङु	ङू	ङे	ङै	ङो	ङौ	ङं	ङ:
च	चा	चि	ची	चु	चू	चे	चै	चो	चौ	चं	च:
छ	छा	छि	छी	छु	छू	छे	छै	छो	छौ	छं	छ:
ज	जा	जि	जी	जु	जू	जे	जै	जो	जौ	जं	ज:
झ	झा	झि	झी	झु	झू	झे	झै	झो	झौ	झं	झ:
ञ	ञा	ञि	ञी	ञु	ञू	ञे	ञै	ञो	ञौ	ञं	ञ:
ट	टा	टि	टी	टु	टू	टे	टै	टो	टौ	टं	ट:
ठ	ठा	ठि	ठी	ठु	ठू	ठे	ठै	ठो	ठौ	ठं	ठ:
ड	डा	डि	डी	डु	डू	डे	डै	डो	डौ	डं	ड:
ढ	ढा	ढि	ढी	ढु	ढू	ढे	ढै	ढो	ढौ	ढं	ढ:
ण	णा	णि	णी	णु	णू	णे	णै	णो	णौ	णं	ण:
त	ता	ति	ती	तु	तू	ते	तै	तो	तौ	तं	त:
थ	था	थि	थी	थु	थू	थे	थै	थो	थौ	थं	थ:
द	दा	दि	दी	दु	दू	दे	दै	दो	दौ	दं	द:

ध	धा	धि	धी	धु	धू	धे	धै	धो	धौ	धं	धः
न	ना	नि	नी	नु	नू	ने	नै	नो	नौ	नं	नः
प	पा	पि	पी	पु	पू	पे	पै	पो	पौ	पं	पः
फ	फा	फि	फी	फु	फू	फे	फै	फो	फौ	फं	फः
ब	बा	बि	बी	बु	बू	बे	बै	बो	बौ	बं	बः
भ	भा	भि	भी	भु	भू	भे	भै	भो	भौ	भं	भः
म	मा	मि	मी	मु	मू	मे	मै	मो	मौ	मं	मः
य	या	यि	यी	यु	यू	ये	यै	यो	यौ	यं	यः
र	रा	रि	री	रु	रू	रे	रै	रो	रौ	रं	रः
ल	ला	लि	ली	लु	लू	ले	लै	लो	लौ	लं	लः
व	वा	वि	वी	वु	वू	वे	वै	वो	वौ	वं	वः
श	शा	शि	शी	शु	शू	शे	शै	शो	शौ	शं	शः
ष	षा	षि	षी	षु	षू	षे	षै	षो	षौ	षं	षः
स	सा	सि	सी	सु	सू	से	सै	सो	सौ	सं	सः
ह	हा	हि	ही	हु	हू	हे	है	हो	हौ	हं	हः
क्ष	क्षा	क्षि	क्षी	क्षु	क्षू	क्षे	क्षै	क्षो	क्षौ	क्षं	क्षः
त्र	त्र	त्रि	त्री	त्रु	त्रू	त्रे	त्रै	त्रो	त्रौ	त्रं	त्रः
ज्ञ	ज्ञा	ज्ञि	ज्ञी	ज्ञु	ज्ञू	ज्ञे	ज्ञै	ज्ञो	ज्ञौ	ज्ञं	ज्ञः
श्र	श्रा	श्रि	श्री	श्रु	श्रू	श्रे	श्रै	श्रो	श्रौ	श्रं	श्रः

(दिनों के नाम)

दिन और रात मिलकर एक दिन बनाते हैं। सात दिन मिलकर एक सप्ताह बनाते हैं। चार सप्ताह मिलकर एक महीना बनाते हैं और बारह महीने मिलकर एक साल बनाते हैं। हर दिन तथा हर महीने का एक नाम होता है, परंतु किसी-किसी दिन के एक से अधिक नाम भी होते हैं।

आओ, सप्ताह के सात दिनों के नामों के विषय में जानें-

बच्चो! एक वर्ष में बारह महीने होते हैं। सभी महीनों का एक क्रम निश्चित है।आइए जानें महीनों के नाम-